मारुति उद्योग लिमिटेड द्वारा औजारों तथा कल पुर्जों का आयात

2144. डा० **अबरार अहमद** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मारुति उद्योग लिमिटेड द्वारा वर्तमान में किस-किस माडल की कितनी-कितनी कारें बनाई जा रही हैं तथा प्रति वर्ष कितनी कारों का निर्यात हो रहा है तथा उससे पिछले दो वर्षों के दौरान कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई है ;

(ख) मारुति उद्योग लिमिटेड द्वारा प्रतिवर्ष आयात की जाने वाली मशीनों, औजारों, उपकरणों तथा कल-पुर्जों का ब्यौरा क्या है तथा गत दो वर्षों के दौरान उनकी कितनी-कितनी मात्रा में आयात की गई तथा उनके आयातों पर कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की गई ; और

(ग) क्या मंत्री जी को, मारुति उद्योग लिमिटेड में प्रबन्ध वर्ग में उच्चतर स्तर पर फैले भ्रष्टाचार के बारे में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं, और यदि हां, तो क्या कोई जांच कराने का विचार है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी0के0 थुंगन) : (क) पिछले दो वर्षों (1989-90 तथा 1990-91) के दौरान वाहनों का उत्पादन और निर्यात तथा अर्जित विदेशी मुद्रा को दर्शाने वाला विवरण I संलग्न है ।

(ख) गत दो वर्षों (1989-90 और 1990-91) के दौरान मशीनों, औजारों अनुरक्षण कल पुर्जों आदि के आयात पर किया गया विदेशी मुद्रा व्यय निम्न प्रकार है

मद	1989-90 (करोड़ रुपये)	1990-91 (करोड़ रुपये)
पूंजीगत उपकरण	2.00	35.03
औजार और उपभोज्य . .	2.74	2.79
अनुरक्षण कलपुर्जे	6.39	3.78

विगत दो वर्षों के दौरान आयात किए गए मुख्य उपकरणों का ब्यौरा विवरण II में दिया गया है ।

(ग) सरकार को मारुति उद्योग लिमिटेड में उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनकी जांच की जा रही है ।

विवरण I

(1) पिछले दो वर्षों के दौरान वाहनों के उत्पादन तथा निर्यात का ब्यौरा :--

वर्ष	उत्पादित वाहनों की संख्या					निर्यात किए गए वाहनों की संख्या
	मारुति 800	ओमनी	जिप्सी	मारुति 1000	योग	
1989-90	73,410	35,058	9,053	—	117,521	5,223
1990-91	74,149	33,834	10,023	5,077	123,083	4,908

(2) पिछले दो वर्षों के दौरान अर्जित की गई विदेशी मुद्रा का ब्यौरा :–

वर्ष	विदेशी मुद्रा अर्जन (करोड़ रुपये)		योग
	निर्यात	विदेशी मुद्रा के बदले स्थानीय बिक्री	
1989-90 . . .	30.57	9.32	39.89
1990-91 . . .	32.25	40.66*	72.91

*मारुति 1.0 जी.एल.एक्स. के लिए जमा राशियों सहित।

विवरण II

विगत दो वर्षों (1989–90 और 1990–91) के दौरान आयात किए गए मुख्य उपकरणों की सूची ।

1. असेम्बली कन्वेयर
2. ओवर हैड इंजन कन्वेयर
3. व्हाइट बाडी स्टोरेज कन्वेयर
4. पैंटिड बाडी स्टोरेज कन्वेयर
5. डाइयां
6. हाइड्रालिक प्रेसें
7. पेंट लाइन उपकरण
8. वैल्डिंग जिग्स
9. पेंट लाइन के लिए जिग्स एण्ड फिक्सचर्स
10. पोर्टेबल स्पॉट वैल्डर उपकरण
11. पोर्टेबल स्पाट वैल्डर गन्स
12. शटल कन्वेयर
13. ए० सी० चार्जिंग उपकरण
14. टू-इन-टैस्टर

शीर्ष प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र

2145. : **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी आलिया:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लघु उद्योग विकास संगठन के अधीन शीर्ष प्रौद्योगिकी विकास केंद्र ने कार्य करना आरम्भ कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो लघु और कृषि उद्योगों के विकास के लिए केंद्र द्वारा अभी तक क्या कदम उठाए गए हैं और उनके क्या परिणाम निकले हैं ; और

(ग) क्या ग्रामीण कारीगरों को सहायता देने के लिए केंद्रीय तथा राज्य के स्तर पर विशेष विपणन संगठन गठित करने के बारे में कोई निर्णय लिया गया है और यदि हां, तो उसके सम्बन्ध में क्या प्रगति हुई है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जी, नहीं, प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश में जिला उद्योग केन्द्र

2146. **श्री ईश दत्त यादव:** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में अभी तक सभी जिलों में जिला उद्योग केंद्र स्थापित नहीं किए गए हैं ;

(ख) यदि हां, तो कौन-कौन से जिलों में ये केंद्र स्थापित नहीं किए जा सके हैं और उसके क्या कारण हैं ; और